तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 16 दिसंबर 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
खनिज विभाग ने 48 फीसदी ही कर पाया वसूली चार महीने में जुटाना होगा 52 फीसदी राजस्व



## खबर संक्षेप

### जेलगांव में एबीसी एवं एंटी-रेबीज टीकाकरण शिविर आज

**कोरबा।** डॉ. एस.एन. मिश्रा, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं कोरबा के मार्गदर्शन में आज जिला पशु चिकित्सालय, कोरबा में एबीसी (एनिमल बर्थ कंट्रोल) सेंटर के अंतर्गत जिले के सभी पशु चिकित्सकों को हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान 6 मेल एवं 2 फीमेल श्वानों की स्पे-न्यूटर सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी पशु चिकित्सकों ने बड़े उत्साह और रुचि के साथ भाग लिया। सर्जरी के उपरांत श्वानों के लिए पशु चिकित्सालय परिसर में अस्थायी सेल्टर की व्यवस्था की गई है, जहां उनकी देखभाल की जा रही है। इसी क्रम में 16 दिसम्बर को ग्राम जेलगांव में एबीसी एवं एंटी-रेबीज टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### जिले में 18 एवं 19 दिसम्बर को बंद रहेगा पशुवध कार्य

**कोरबा।** नगर निगम क्षेत्रांतर्गत संचालित समस्त वधशालाओं एवं मांस विक्रय की दुकानों को 18 एवं 19 दिसम्बर को पूर्ण रूप से बंद रखा जाएगा। इन तिथियों में किसी प्रकार का पशुवध न होगा और न ही मांस का विक्रय होगा। निगम द्वारा 18 दिसम्बर गुरू घांसीदास जयंती एवं 19 दिसम्बर को संत तारण तरण जयंती के विशिष्ट अवसर पर पशुवधगृहों व मांस विक्रय की दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखने तथा किसी भी प्रकार का पशुवध न करने और न ही मांस का विक्रय करने के निर्देश समस्त पशुवधगृह संचालकों व संबंधित दुकानदारों को दिए गए हैं। उक्त तिथियों में यदि किसी भी दुकान में मांस का विक्रय किया जाता है तो मांस जप्त कर संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 19 को

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोरबा में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 19 दिसंबर को किया जा रहा है। प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से 5 नियोजकों डेल्फी टी. व्ही. एस. एन. टी. टी. एफ. तमिलनाडु, पी. एस. ए. ए. व्ही. टेक. पावरट्रेन प्राइवेट लिमिटेड तमिलनाडु, आई.टी.सी. लिमि. तेलंगाना, आई.टी.सी. तमिलनाडु, एवं प्रेनियल टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड बर्धन पुणे महाराष्ट्र के द्वारा विभिन्न रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। रोजगार कार्यालय ने नियोजकों के रिक्तियों के सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि ट्रेनी ऑपरेटर, अप्रेंटिस ऑपरेटर, डी.जी. ऑपरेटर के 440 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इस हेतु अभ्यर्थियों की आयु सीमा-18 से 35 वर्ष एवं योग्यता- 12वीं, आई.टी.आई., डिप्लोमा वांछनीय है।

### चुईया में नए पीडीएस भवन का हुआ भूमिपूजन

**कोरबा।** कोरबा जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती बिजमोती अभिमन्यु राठिया के सतत प्रयासों से ग्राम पंचायत चुईया के ग्रामीणों को बड़ी राहत और सुविधा मिलने जा रही है। वर्षों से लंबित मांग को पूरा करते हुए गांव में नवीन सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) भवन के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। ग्राम पंचायत चुईया में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष श्रीमती बिजमोती अभिमन्यु राठिया के मुख्य आतिथ्य में विधिवत भूमिपूजन कर भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। भूमिपूजन अवसर पर अध्यक्ष श्रीमती बिजमोती अभिमन्यु राठिया ने कहा कि पीडीएस भवन के निर्माण से अब ग्रामीणों को राशन वितरण में सुविधा मिलेगी, साथ ही व्यवस्था और पारदर्शिता भी सुदृढ़ होगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि जनपद पंचायत क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम के सर्वांगीण विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगी। भूमिपूजन में जनपद उपाध्यक्ष कौशल्या देवी कंवर, विश्वनाथ कंवर, जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक-1 प्रतिनिधि राममुरत कंवर आदि उपस्थित थे।

## सत्कर्मों के पदचिन्ह छोड़ने वाले ही युगों तक प्रेरणा बनते हैं : डॉ. संजय गुप्ता

# चौधरी मित्रसेन आर्य के अवतरण दिवस पर इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में विशेष प्रार्थना सभा, पूजन एवं हवन





चौधरी मित्रसेन आर्य की 94वीं जयंती पर इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में हवन पूजन करते स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चौधरी मित्रसेन आर्य की 94वीं जयंती पर इंडस पब्लिक स्कूल-दीपका में हुआ पूजन एवं विशेष प्रातःकालीन सभा का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता ने कहा कि दुनिया में कुछ ही विरले लोग ऐसे होते हैं जो अपने सत्कर्मों के पदचिन्ह छोड़ जाते हैं। जो दूसरों के लिए हमेशा अनुकरणीय होते हैं। चौधरी मित्र सेन ऐसे व्यक्तित्व के धनी थे। वे जीवनभर हमारे लिए मिसाल एवं प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। चौधरी जी के जीवन का हर एक पहलू हम सब के लिए एक आदर्श है। उन्होंने प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से हमें सकारात्मकता का ही संदेश दिया है। उनके जीवन से हम मानवता और सेवा का पाठ सीख कर अपना जीवन सफल बना सकते हैं। एक सफल व समृद्ध व्यक्ति होते हुए भी वे हमेशा विनम्र और मृदुल रहे। उनके प्रत्येक कार्य में उनकी महानता की झलक देखने को मिलती है।सच में उनका जीवन अनुकरणीय व प्रेरक है।

इस परिवर्तनशील संसार में जिसने जन्म लिया है, उसकी मृत्यु निश्चित है। लेकिन जन्म लेना उसी का सार्थक है अपने कार्यों से कुल, समाज और राष्ट्र को प्रगति के मार्ग पर अग्रसर करता है। महाराजा भतृहरि के इन महावाक्यों को चरितार्थ करता चौधरी मित्रसेन आर्य का जीवन सत्य, संयम और सेवा का अद्भुत मिश्रण रहा।इनके लिए स्वहित को छोड़ मानव हित ही सर्वोपरि रहा। 15 दिसंबर 1931 को हरियाणा के हिसार जिले के खांडाखेड़ी गाँव में चौधरी श्रीराम आर्य के घर में माता जीवो



छात्रों को पुरस्कृत करते अतिथि।

देवी की कोख से चौधरी मित्रसेन आर्य का जन्म हुआ। अपने पूर्वजों से मिले संस्कार व अपनी पत्नि के साथ चौधरी मित्रसेन जी ने सन् 1957 में रोहतक में एक लेथ मशीन के साथ अपना खुद का व्यवसाय शुरू किया। एक गृहस्थ व व्यवसायी होते हुए भी उन्होंने अपने जीवन में ऐसे आदर्श स्थापित किए जिन्हें यदि हम अपना लें तो रामराज्य की कल्पना साकार की जा सकती है। चौधरी जी के विचार थे हमें हर कार्य को करने से पहले यह सोच लेना चाहिए कि इसके करने से सबका हित होगा या नहीं। यदि व्यक्तिगत रुप से लाभ लेने वाला कोई कार्य समाज के लिए अहितकर है तो उस कार्य को कदापि नहीं करना चाहिए। ऐसे महान विभूति के जन्मदिन के पावन अवसर पर दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल में विशेष प्रातःकालीन सभा एवं पूजन का आयोजन किया गया।

प्रातः प्रार्थना स्तुति के पश्चात वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन का विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक — शिक्षिकाओं ने चौधरी मित्रसेन आर्य के तैल्यचित्र में पुष्प अर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 10वीं की छात्रा सुश्री पायल सहारन ने किया। कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों ने बहुत ही सुंदर प्रातःकालीन सभा की प्रस्तुति दी।

विद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष हेमलाल श्रीवास ने चौधरी मित्रसेन आर्य के जीवन की प्रेरक घटनाओं से विद्यार्थियों को परिचित कराया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एवं शैक्षणिक प्रभारी सब्यसाची सरकार ने कहा कि जीवन पर्यन्त परोपकार एवं परहित के आदर्श पर चलने वाले और समाज को एक दिशा और दृष्टि देने वाले चौधरी मित्रसेन जी भौतिक रुप से आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनके विचार कार्य और उनकी दृष्टि युगों-युगों तक भावी पीढ़ी हेतु प्रेरणास्त्रोत रहेगी।

पूजन के पश्चात विद्यालय के बच्चों द्वारा एक भजन प्रस्तुत किया गया तथा एक नृत्य नाटिका के माध्यम से चौधरी मित्रसेन आर्य के जीवन पर प्रकाश डालकर उनके संघर्षों एवं सफलताओं से परिचित करवाया गया। पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी बच्चों चौधरी मित्रसेन आर्य की जीवनी एवं उनके कार्यों के बारे में बताया गया। इसके पश्चात कक्षा छठवीं से नवमी तक के विद्यार्थियों के लिए चौधरी मित्र सेन की उपलब्धियों एवं जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

### सब स्टेशन पोड़ीखुर्द में चोरों का धावा, मामला दर्ज

**कोरबा।** कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धौंराभांठा बिलासपुर निवासी दिनेश कुमार पालके उम्र 36 वर्ष पिता घासीराम पालके ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह विद्युत सब स्टेशन पोडीखुर्द 33/11 केबी चौकी कोरबी में सहायक अभियंता विद्युत के पद पर माह अक्टुबर 2022 से पदस्थ कि 14 दिसंबर की रात्री 12/30 बजे अज्ञात चोरों ने विद्युत सब स्टेशन पोडीखुर्द में घुसकर खराब पडे ट्रासफार्मर के अन्दर से वांईडिंग क्वाईल को चोरी करने का प्रयास कर रहे थे सब स्टेशन के स्टॉफ देवभजन, सोनू लाल सिदार सुखनाथ के द्वारा हल्ला मचाने पर चोर वहां से भाग गए तथा भागते समय किसी एक का रेडमी वन प्लस मोबाइल छोड़कर भाग गये। मामले में कोरबी पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की पतासाजी में जुट गई है।

### एसी में लगे तांबे की पाइप की चोरी, मामला दर्ज

**कोरबा।** सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत सोमवार को 4 बजे लगभग 25-30 वर्षीय एक अज्ञात नकाबपोश चोर ने टीपी नगर से सीएसईबी चौक के मध्य मुख्य सडक़ में संचालित केनरा बैंक की छत से एयर कंडीशनर का दो आउटडोर चोरी कर लिया। लगभग 1 घंटे उसने इस वारदात को अंजाम देने में लगाया। आउटडोर के दोनों बॉक्स वह अपने साथ ले गया। इसके साथ ही बैंक के बाहरी परिसर से आउटडोर तक खींचे गए केबल तार को भी काट कर चोरी कर लिया है। उसकी हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुकी है। ज्ञात रहे कि जिले में एक बार फिर से कबाड़ चोर सक्रिय हो चुका है जिनके द्वारा शहर के अलग अलग क्षेत्रों में जाकर एसी के आउटडोर से तांबे की पाइप की चोरी की जा रही है जिससे लोग परेशान है।

# कूप कटाई रोककर हंगामा करने वाले ग्रामीणों के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा वन मंडल के पसरखेत रेंज में विगत दिनों कूप कटाई कर रहे वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम जुटी हुई थी इसी दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण जा धमके थे और वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के साथ गाली गलौच कर सामानों को छीन लिया गया था और कूप कटाई के कार्य में बांधा उत्पन्न किया गया था। मामले में पुलिस ने ग्रामीणों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है।

करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरबा वन मंडल के उप वन क्षेत्रपाल गुलाब सिंह गोड़ ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 9 दिसंबर की सुबह लगभग 11 बजे वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, चौकीदार एवं श्रमिक लोगों के साथ ग्राम कोल्गा एससीआई पी 1128, पी 1132 तथा पी 1164 के कोल्गा परिसर में कूप कटिंग का कार्य चल रहा था जिसमें कूप विदोहन कार्य प्रारंभ कर दिया गया था। उसी समय कोल्गा निवासी धीरेंद्र दास महंत, चंद्रशेखर राठिया, नंदलाल राठिया

**खास बात**

- कोरबा वन मंडल के पसरखेत रेंज का मामला

एवं 40 से 50 अन्य महिला पुरुष आ धमके और कूप कटिंग बंद करो कहकर एक राय होकर शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए, अश्लील गाली गालैचकर जान से मारने की धमकी देते हुए, टांगा, आरा, कटिंग मशीन, फावडा, सब्बल, जनरेटर मशीन एवं छोटा हाथी वाहन को लूटमारकर छीना झपटी कर ले गये हैं तथा बाद में वाहन छोटा हाथी क्रमांक सीजी 06 टी 0185 को वापस कर दिये हैं कोल्गा निवासी आरोपीयों के विरूद्ध वन परिक्षेत्र अधिकारी पसरखेत देवदत्त खांडे के द्वारा थाना प्रभारी करतला में प्रथम सूचना पत्र दर्ज करने आवेदन किया गया है जिसके आधार पर पुलिस ने धिरेंद्र दास महंत, चन्द्रशेखर राठिया वल्द लछन सिंह, सूर्य कुमार वल्द स्व. चरण सिंह, नंदलाल बल्द स्व. जगलाल, गंगाराम वल्द बोधराम राठिया, लछन सिंह वल्द मंगतराम, विवेकानंद वल्द लछन सिंह, जगरसिंह वल्द टीनाराम, श्रीमती जानकी बाई, श्रीमती मनसागर, श्रीमती लीलाबाई, श्रीमती जगेश्वरी, श्रीमती फिरईबाई, श्रीमती बिरसपति, श्रीमती पांचोबाई, श्रीमती राजकुमारी, श्रीमती कमला बाई, श्रीमती तेलोबाई सहित 40-50 अन्य लोगों के खिलाफ धारा 221, 296, 351(3), 304(2), 190 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# केंद्रीय विद्यालय के छात्र बाइक से पहुंचते थे स्कूल, यातायात पुलिस ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 के नाबालिक छात्र बड़े पैमाने पर मोटरसाइकिल से स्कूल पहुंचते थे और स्कूल के आसपास जमकर मोटरसाइकिल से फर्राटे भरा करते थे। प्रबंधन की समझाइए के बाद भी नाबालिक छात्र अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे थे जिससे स्कूल प्रबंधन भी परेशान था। स्कूल प्रबंधन की शिकायत पर यातायात पुलिस की टीम सोमवार को केंद्रीय विद्यालय पहुंची जहां नाबालिक छात्रों के मोटरसाइकिल को क्रेन से उठाकर करवाई की जा रही थी इस बीच छात्रों के परिजनों को बुलाकर यातायात पुलिस ने कड़ी फटकार लगाते हुए समझाइश दी गई।



छात्रों को समझाइश देती हुई यातायात पुलिस।

यातायात पुलिस जिले में सड़क हादसों पर रोक लगाने के लिए और छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के लिए लगातार स्कूल, कॉलेज में पहुंचकर जन जागरूकता अभियान चला रही है लेकिन इसके बाद भी नाबालिक छात्र-छात्राएं भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। बताया जाता है कि दर्द थाना क्षेत्र अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 के छात्र-छात्राएं लंबे समय से मोटरसाइकिल व एक्टिवा से स्कूल पहुंच रहे थे और फर्राटे मार रहे थे। छात्रों को स्कूल प्रबंधन के द्वारा बार-बार समझाइश दी गई थी लेकिन इसके बाद भी मोटरसाइकिल या स्कूटी से ही फर्राटे मार कर स्कूल पहुंच रहे थे। स्कूल प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस की आला अधिकारियों के निर्देश पर यातायात सउनि मनोज राठौर व उनकी टीम सोमवार को केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 पहुंची। जहां बड़ी संख्या में पहुंचे छात्र-छात्र जो मोटरसाइकिल या अन्य गाड़ी लेकर पहुंचे थे उनकी गाड़ी को उठाने की कार्यवाही की जा रही थी इस बीच स्कूल प्रबंधन ने उनके परिजनों को मौके पर तलब किया। जहां यातायात पुलिस की टीम ने उनके परिजनों को समझाइश दी और ऐसी हरकत नहीं करने और मोटरसाइकिल या स्कूटी लेकर स्कूल आने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 812. कु. रुचिका शर्मा पिता\पति निरिश कुमार शर्मा पता- मेकाहारा रायपुर, 813. दीपक बावने पिता\पति श्याम बावने पता- प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, 814. पल्लवी सिन्हा पिता\पति योगेश सिन्हा पता- कुशालपुर रायपुर, 815. कौशल्या तिवारी पिता\पति स्व.श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी पता- आमापारा रायपुर, 816. सरिता पाल पिता\पति बिरबल पाल पता- संतोषी नगर रायपुर, 817. आरव रात्रे पिता\पति रामेश्वर रात्रे पता- सड्डू रायपुर, 818. ब्यास नारायण वर्मा पिता\पति स्व.राम लाल वर्मा पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 819. अराफत खान पिता\पति अफसर खान पता- देवी सरस्वती नर्सिंग होम बीएसयूपी सद्दू कॉलोनी, 820. अनामिका देवांगन पिता\पति पोषण कुमार देवांगन पता- संतोषी नगर प्रगति विहार कॉलोनी टिकरापारा, 821. राजेश कुमार यादव पिता\पति स्व. श्याम कुमार यादव पता- मठपारा गणेश चौक रायपुर, 822. मनोरमा तारक पिता\पति ग्वाल तारक पता- तर्रा सुरसाबांधा, 823. परमेश्वर साहू पिता\पति गया राम साहू पता- रांकाडीह, 824. संगीता नागदेव पिता\पति प्रीतम दास पता- नयापारा वार्ड न.32 बजरंग चौक धमतरी, 825. रमेश कुमार दासरवार पिता\पति शंकर स्वामी दासरवार पता- श्री नगर राधा स्वामी सत्संग रुद्री, 826. कांति साहू पिता\पति मान दास साहू पता- लक्ष्मी नगर, 827. अशोक राजपूत पिता\पति ताराचंद राजपूत पता- डोंगरगांव, 828. दिग्विजय कुमार नेताम पिता\पति शिव लाल नेताम पता- ग्राम काफामार पोस्ट गेंदाटोला तह. छुरिया, 829. वर्षाजली श्रीवास्तव पिता\पति देवेन्द्र श्रीवास्तव पता- जगदलपुर, 830. चन्द्रप्रभा कनौजे पिता\पति सीता राम कनौजे पता- महासमुंद, 831. विजय कुमार देवांगन पिता\पति खोरबाहरा देवांगन पता- सिचाई कॉलोनी कवर्धा, 832. लक्ष्मी चन्द्र पिता\पति स्व.छत्रपाल चंद्रा पता-LIG-11 H.B कॉलोनी जोराताल, 833. विनोद कुमार वर्मा पिता\पति केदार नाथ वर्मा पता- प्रगति विहार पंचशील नगर बलौदाबाजार, 834. वंशिका साहू पिता\पति डिशेन कुमार साहू पता- ग्राम भैसा जिला रायपुर, 835. सुषमा साहू पिता\पति विनोद कुमार साहू पता- रिसदा, 836. शैलेन्द्र यादव पिता\पति भोला राम यादव पता- एस.पी.अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 837. युवराज कुमार देवांगन पिता\पति ह्रदय लाल देवांगन पता- प्लाट न.- 65 श्याम नगर अटल आवास के पास भिलाई, 838. मेधांश पिता\पति अनिल गंगभोज पता- वार्ड न.-01 बनगांव पंचायत समिति, 839. दामिनी साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- CONTRACTORE कॉलोनी सुपेला भिलाई, 840. अश्वनी एवस जोगे पिता\पति श्याम राव जोगे पता- 608 वार्ड 6 सिधिया नगर दुर्ग, 841. रेणुका देवांगन पिता\पति दुलेश देवांगन पता- निकुम भिलाई दुर्ग, 842. सुषमा कुर्वे पिता\पति रमेश कुर्वे पता- S.I.F कॉलोनी L.I.G 35 बघेरा दुर्ग, 843. नारायण प्रसाद देशमुख पिता\पति एमन कुमार देशमुख पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी, 844. शकुन पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 845. श्रवण कुमार अन्सारे पिता\पति चंद्रभान पता- 77 रामनगर सुपेला भिलाई, 846. शुभांगी देवांगन पिता\पति सतीश देवांगन पता- सड़क न.- 01 कसारीडीह दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 847. तुरवी चौहान पिता/पति धनेश्वर लाल चौहान पता- कोरबा, 848. भव्या साहू पिता/पति बुधेशवर साहू पता- रायपुरा जंजगीर बालको, 849. उमेश तंबोली पिता/पति इंद्रा मार्केट पोड़िमार बालको, 850. काव्या कंवर पिता/पति सुशील कुमार पता- बालको, 851. लेविना साहू पिता/पति युगल किशोर साहू पता- धरदाई, 852. कल्पना गयाकवारड़ पिता/पति अमृत मोंडे पता- कोरबा, 853. पुष्पा यादव पिता/पति डोरी लाल यादव पता- मदरपारा, 854. कृतार्थ यादव पिता/पति दिलीप यादव पता- कोरबा, 855. चाहत दास पिता/पति निर्मल दास पता- बालको नगर, 856. ज्योति बरेठ पिता/पति यादव मोहला करिती पता- बालको, 857. आध्या श्रीवास पिता/पति नागेंद्र श्रीवास पता- निहारिका एल.ई.जी.-142, 858. विकास साहू पिता/पति फिरत राम साहू पता- संजय नगर गुप्ता गली कोरबा, 859. वीरेंद्र कुमार कुर्रे पिता/पति श्याम लाल कुर्रे पता- धमना मुड़ी, 860. गौतम पांडे पिता/पति चंद्रशेखर पांडे पता- दरदारखुर्द कोरबा, 861. राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता/पति गुहारम सूर्यवंशी पता- परसाभाठा बालको, 862. योगेश बारीक पिता/पति भिखारी चरण बारीख पता- शारदा विहार कोरबा, 863. किशन कुमार गायकवार्ड पिता/पति देवगिरी गायकवार्ड पता- केदु विहार कोरबा, 864. दीक्षांत सिंह भारद्वाज पिता/पति रवींद्र कुमार भारद्वाज पता- होउसिंग बोर्ड बालको, 865. अंशु तिर्की पिता/पति भजन राम तिर्की पता- वार्ड- 40 नेहरू नगर बालको, 866. केशव प्रसाद यादव पिता/पति नन्द लाल यादव पता- गेवरा घाट कोरबा, 867. सोनम जैसवाल पिता/पति मनोज जैसवाल पता- नेहरू नगर बालको, 868. भगवान सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह पता- रिंग रोड बालको, 869. मनोज कुमार श्रीवास पिता/पति जगदीश प्रसाद पता- लक्ष्मण बन तालाब नई बस्ती, **भोपाल संस्करण-** 870. मान्या प्रजापति पिता\पति रंजीत प्रजापति पता- जगदीशपुर इस्लामनगर, 871. कनक मीणा पिता\पति राजेन्द्र सिंह मीणा पता- 45 जय नगर कॉलोनी, 872. युवांश बैरागी पता- राम मंदिर के पास करोद भोपाल, 873. रवि साहु पिता\पति मदनलाल साहु पता- मकान नं 53 कपिला नगर करोद, 874. वेदांश यादव पिता\पति सुरेन्द्र सिह यादव पता- मकान नं.116 फेस-2 पारस नगर करोद, 875. राम सिंह राजपूत पिता\पति- रामसिंह राजपूतबने सिंह राजपूत पता- नजीराबाद भोपाल, 876. पूजा पिता\पति सत्यदेव द्विवेदी पता- करोद भोपाल, 877. मानशी पिता\पति शंकादीन बढ़ई पता- एच.न 121 जनता नगर फेस-3 करोद, 878. दक्ष विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण-** 879. अर्चिता पांडेय पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- वार्ड नंबर 4 निगवानी रोड कोतमा, 880. महिमा शर्मा पिता\पति मुकेश शर्मा पता- मेंन रोड कोतमा, 881. हर्ष कुमार नामदेव पिता\पति अखिलेश नामदेव पता- विकास नगर वार्ड नंबर 10 कोतमा, 882. अनुराग चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मझौली वार्ड नंबर 16 पंडित मोहल्ला कोतमा, 883. प्राजली चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मेंन रोड कोतमा, 884. अक्षय गौतम पिता\पति जितेंद्र कुमार गौतम पता- विकास नगर वार्ड क्रमांक 9 कोतमा, 885. अनुमति नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पाटन, 886. रिद्धि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- शिवनगर वार्ड नंबर 90 गढ़ा जबलपुर, 887. अरुण कुमार दुबे पिता\पति स्व बैजनाथ पता- दुबे 362 दुर्गा कॉलोनी घमापुर, 888. अर्पित जैन पिता\पति ऋषभ कुमार जैन पता- जगमोहन दास वार्ड कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### नई जेसीबी का हुआ शुभारंभ विकास कार्य होंगे आसान

**कोरबा।** नगर पालिका बांकीमोंगरा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने परिषद के लिए खरीदे गए नए जेसीबी मशीन को हरी झंडी दिखाकर विधिवत शुभारंभ किया। इस नई मशीन के शामिल होने से नगर पालिका क्षेत्र में साफ-सफाई, नाली सफाई, कचरा डंपिंग और अन्य अंतर्गम्य विकास कार्यों को अब और अधिक तेजी और आसानी से पूरा किया जा सकेगा। बांकीमोंगरा पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने बताया कि पुरानी मशीनों पर निर्भरता कम करने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए यह खरीदारी की गई है। इस नई मशीन से बांकीमोंगरा के हर वार्ड में सफाई व्यवस्था को चाक-चौबंद किया जाएगा। अब गंदगी और जलभराव जैसी समस्याओं से जल्द राहत मिलेगी। परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बताया कि यह मशीन विशेष रूप से उन क्षेत्रों में सफाई और खुदाई के लिए मददगार होगी, जहां मानव श्रम या पुरानी मशीनें कठिनाई से काम कर पाती थीं। इस शुभ अवसर नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा, उपाध्यक्ष श्रीमती गायत्री कंवर सहित भाजयुमो छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा, भाजपा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, भाजपा नेता गोवर्धन सिंह कंवर, अश्वनी साहु व पालिका के अधिकारी -कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### नितिन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने से मिलेगी नई ऊँचाइयां : मोदी




**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रभारी बिहार के वरिष्ठ नेता एवं मंत्री नितिन नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने हर्ष व्यक्त करते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। गोपाल मोदी ने कहा कि नितिन नवीन पटना जिले के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से पांच बार विधायक रह चुके हैं और बिहार सरकार में पथ निर्माण तथा नगर विकास व आवास विभाग के मंत्री के रूप में उन्होंने जनसेवा, विकास और सुशासन का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनके नेतृत्व में अनेक ऐतिहासिक विकास कार्य धरातल पर उतरे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के प्रभारी के रूप में नितिन नवीन ने संगठन को मजबूती देने का कार्य किया है। उनका व्यापक संगठनात्मक अनुभव, दूरदर्शी सोच और कर्मठ नेतृत्व पार्टी को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। नितिन नवीन के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी देशभर में संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त होगी तथा जनकल्याण के संकल्प को नई दिशा मिलेगी।

### असंगठित कर्मकार महतारी जतन योजना में भुगतान अटका

**कोरबा।** असंगठित कर्मकार महतारी जतन योजना के लाभ के लिए जिले के अनेक पात्र हितग्राही पिछले कई महीनों से इंतजार कर रहे हैं। योजना के तहत लाभार्थियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि ट्रांसफर की जानी चाहिए, लेकिन लगातार कई महीने से भुगतान नहीं आने के कारण हितग्राहियों में नाराज़गी और चिंता बढ़ती जा रही है। स्थानीय हितग्राहियों का कहना है कि आवेदन करने और सभी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद भी उनके खातों में डीबीटी राशि नहीं पहुंच रही है। लोगों का यह भी आरोप है कि या तो शासन के पास इस योजना के लिए पर्याप्त फंड उपलब्ध नहीं है या फिर कोरबा जिले की उपेक्षा की जा रही है। स्थिति यह है कि स्वयं श्रम मंत्री कोरबा से होने के बावजूद जिले के हितग्राही लाभ से वंचित महसूस कर रहे हैं। कई महिलाओं ने बताया कि योजना का पैसा न मिलने से वे आर्थिक रूप से बेहद असहाय स्थिति में पहुंच रही हैं। असंगठित क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को आर्थिक सहयोग देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा यह योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत बच्चे के जन्म के 3 महीने के भीतर आवेदन करना अनिवार्य है। आवेदन स्वीकृत होने के बाद डीबीटी के माध्यम से 20 हजार रुपए की राशि लाभार्थी महिला के बैंक खाते में भेजी जाती है। इस योजना का लाभ केवल वही हितग्राही ले सकते हैं जिनके अधिकतम दो ही बच्चे हों। लाभार्थियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द लंबित डीबीटी भुगतान जारी किया जाए ताकि असंगठित क्षेत्र की महिलाओं को उनके अधिकार का लाभ समय पर मिल सके।

### सिल्ली का महिला समूह सुआ नृत्य कर दे रहा संदेश



**कोरबा।** ग्राम सिल्ली बोईदा के महिला समूह इन दिनों सुआ नृत्य की परंपरा का निर्वहन कर रहा है। 11 महिलाओं का समूह विभिन्न ग्रामों में पहुचकर गीत के साथ नृत्य की प्रस्तुति कर कल्याण की कामना करता है। महिलाओं ने बताया कि पिछले कई वर्ष से यह परंपरा ग्रामीण अंचलों में चलायी जा रही है।

# पांच समूहों ने भेजा था रेडी टू इट का सैंपल, दो की ही मिली रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी टू इट पूरक पोषण आहार सप्लाई करने वाले 5 स्व सहायता समूहों के द्वारा पुणे (महाराष्ट्र) स्थित फार्मा लैब में भेजे गए सैंपल में 2 की रिपोर्ट ही मिली है शेष 3 की रिपोर्ट विभाग को नहीं मिली है। सभी समूहों को जनवरी महीने से अपने अपने आबंटित क्षेत्र में रेडी टू इट का उत्पादन शुरु करना होगा।

जून माह से रेडी टू इट कार्य को समूहों के द्वारा संचालित किए जाने की चल रही प्रक्रिया के तहत कुल 67 समूहों ने अपने आवेदन महिला बाल विकास विभाग में जमा किए थे जिनकी दावा आपत्ति का निराकरण करने के बाद 10 समूह से इस कार्य के लिए महिला बाल विकास विभाग ने अनुबंध किया था। जिन्हें विभाग की 10 परियोजना के अंतर्गत आने वाले सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी टू इट की सप्लाई करना है लेकिन इसके पहले इन समूहों को अपने सैंपल के टेस्टिंग के लिए महाराष्ट्र के पुणे में स्थित फार्मा लैब में भेजा जाना था इस निर्देश के तहत 5 स्व सहायता समूहों ने अपने सैंपल टेस्टिंग के लिए भेजे थे किंतु अब तक 2 सैंपल की ही रिपोर्ट विभाग को मिली है शेष 3 समूहों की रिपोर्ट आना बाकी है। जिन 10 स्व सहायता समूहों से अनुबंध किया गया है उन सभी समूहों को जनवरी 2026 से अपने अपने आबंटित क्षेत्र में रेडी टू इट पूरक पोषण आहार का उत्पादन शुरु करना होगा। कोरबा शहर में रेडी टू इट के उत्पादन के लिए जिस समूह से विभाग का अनुबंध हुआ है उसके द्वारा पंपहाउस स्थित महात्मा गांधी इंडस्ट्रीयल पार्क में अपनी यूनिट लगाकर उत्पादन कार्य शुरु करना होगा।

### 10 समूहों को आबंटित किया गया है रेडी टू ईट का कार्य

**खास बात**

- जनवरी माह से सभी स्व सहायता समूहों को करना होगा रेडी टू इट का उत्पादन



**बीज निगम कर रहा सप्लाई**

जब तक स्व सहायता समूहों के द्वारा रेडी टू इट पौस्टिक आहार का उत्पादन और वितरण शुरु नही किया जाता है तब तक बीज विकास निगम के द्वारा ही पूरक पौष्टिक आहार का वितरण किया जाएगा और वर्तमान में सभी 10 परियोजनाओं के आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी टू इट पौष्टिक आहार का वितरण बीज विकास निगम के द्वारा ही किया जा रहा है। अगले वित्तीय वर्ष से बीज विकास निगम के द्वारा वितरण कार्य बंद कर दिया जाएगा।

### फॉरेस्ट कालोनी के सामने हो रहा है कब्जा

# कोरबा-कटघोरा रोड पर बढ़ रहा अतिक्रमण, विभाग बना मूकदर्शक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



सड़क के किनारे लगी दुकानें।

कटघोरा नगर पालिका परिषद क्षेत्र में अतिक्रमण के कुछ मामलों को लेकर पिछले दिनों प्रशासन के द्वारा मिलजुल कर कार्रवाई की गई। ऐसे मामलों की समीक्षा भी लगातार की जा रही है लेकिन वन विभाग की जमीन पर अतिक्रमण को लेकर विभाग के अधिकारी ही उदासीन है। यही हाल कटघोरा से कोरबा रोड पर यहां वहां अतिक्रमण के मामले बढ़ते जा रहे हैं। आखिर ऐसे प्रकरणों में कार्रवाई को लेकर आगामी योजना क्या है, लोग इसे जानना चाहते हैं।

कटघोरा में नगर पालिका और स्थानीय प्रशासन के द्वारा पुलिस के सहयोग से पिछले दिनों अंबिकापुर रोड और बिलासपुर रोड में अतिक्रमण को लेकर संबंधित लोगों को नोटिस दिया गया और उनकी ओर से किसी प्रकार की दिलचस्पी नहीं लेने पर बुलडोजर चला दिया गया। बस स्टैंड से लेकर शहीद वीर नारायण चौराहा और अनेक स्थानों पर इस तरह की कार्रवाई कर संबंधित क्षेत्रों को समस्या से मुक्त करने की कोशिश की गई। इस अभियान को हर किसी ने सराहा क्योंकि अतिक्रमण की वजह से बस स्टैंड से सभी क्षेत्रों में समस्या हो रही थी। वर्तमान में लोग इस चीज को महसूस कर रहे हैं कि फॉरेस्ट कॉलोनी के सामने के हिस्से में अतिक्रमण का दायरा लगातार बढ़ रहा है। जिस अंदाज में फॉरेस्ट की जमीन पर यह सब चल रहा है, उससे ऐसा लगता है कि अतिक्रमण करने वालों को रोका नही जा रहा है फॉरेस्ट कॉलोनी के अलावा कोरबा रोड के दोनों हिस्सों पर काफी लंबे हिस्से में अतिक्रमण हो रहा है और इसका विस्तार भी हो रहा है। इस पर किसी तरह की रोक-टोक नहीं है और ना ही अब तक कार्रवाई करने की मानसिकता बनाई गई है। ऐसे में लोग भ्रमित है कि क्या वे कटघोरा से छूरी तक के हिस्से में ऐसा काम कर सकते हैं।

# एनएसएस के छात्रों ने रैली निकालकर लगाया प्लास्टिक मुक्त का नारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



रैली निकालते हुए एनएसएस के छात्र छात्राएं।

**खास बात**

- गवर्नमेंट ग्राम्य भारती कॉलेज हरदीबाजार की रासेयो इकाई का आयोजन

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम एम वैष्णव के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के पुरुष कार्यक्रम अधिकारी डॉ के के दुबे, सहयोगी सहायक प्राध्यापक डॉ महेश वर्मा,अभिषेक देवांगन, श्रवण कुमार,महिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अंजली कंवर, सहयोगी सहायक प्राध्यापिका कीर्ति साहू, श्रीमती डॉ रानू राठौर, डॉ अर्चना बोरकर के नेतृत्व में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन हरदीबाजार भाटापारा में शनिवार को किया गया। जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के प्रांगण से रैली के माध्यम से" स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत का नारा लगाते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते रहे। रैली में उपस्थित सभी स्वयंसेवकों ने ग्राम हरदी बाजार भाठापारा के समीप तहसील कार्यालय एवं पंजीयन कार्यालय के आसपास की साफ सफाई की गई तथा तथा स्वच्छता अभियान के माध्यम से विभिन्न नारा स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत, कचरा प्लास्टिक मुक्त भाटापारा का नारा लगाते हुए अम्बेडकर चौक के रास्ते मेला ग्राउंड के पास स्थित शास्त्री स्कूल पहुंचे , शास्त्रीय स्कूल के परांगण की साफ सफाई की गई। महाविद्यालय के उक्त सभी प्राध्यापकों ने स्वयंसेवकों के साथ मिलकर सबका साथ सबका विकास की भावना को चरितार्थ करते हुए साफ सफाई में अपना योगदान दिया। महाविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष हीरा लाल अहीर ने भी इस पुण्य कार्य की सराहना की एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवकों विशेष रूप से लुकेश साहू ,साहिल नामदेव अभिषेक शिबादीप ,दिशु, दुर्गेश ,अनिश सौरभ शर्मा आयुष ,द्विवेदी ,उमेश ,शुभम, बादल, अंजलीधारी, प्रतिभा पटेल, प्रतिभा, देवकुमारी, मंजू, साक्षी राठौर, आंचल मनहर, मोनू, सुमन, दिव्यानी, हिंगलेस्वरी, और समस्त स्वयं सेवक एवं स्वयंसेविकाए उपस्थित रहे।

# जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




भारत के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 75वीं पुण्यतिथि जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा शहर द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई। यहां कांग्रेसजनों ने सरदार पटेल की तैल चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हे शत शत नमन किया।

भारत की आजादी के बाद विभिन्न रियासतों के भारत में विलय कराने की प्रक्रिया के साहसिक फैसले का स्मरण करते हुए पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने सरदार पटेल की निर्णय क्षमता को अद्भुत बताया। उन्होंने बताया कि भारत के हित में काफी अच्छे कार्य सरदार पटेल की ओर से किये गये। इसी के आधार पर उन्हें लौह पुरुष की उपाधि हासिल हुई। वे अपने कार्यों के जरिए सदियों तक भारतीयों के मन मस्तिष्क में बसे रहेंगे। श्री अग्रवाल ने कहा कि इतिहास में कई महापुरूष हुए हैं जिनमे वल्लभभाई पटेल का नाम विशेष रूप से लिया जाता है। उन्होने अपने प्रदर्शन से देश को काफी उंचाईयां दी। पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि सरदार पटेल ने गृह मंत्री की भूमिका में भारत के लिये अनेक शानदार कार्य किये और विदेशों में हमारे देश का मान बढ़ाया। पूर्व जिला अध्यक्ष नत्थुलाल यादव ने सरदार पटेल को याद करते हुए कहा कि सरदार पटेल के ऐतिहासिक कार्यों का उल्लेख किया। कार्यक्रम को पूर्व सभापति श्यामसुंदर सोनी, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने संबोधित किया।

### श्री राम कथा का हुआ समापन, शामिल हुए जनप्रतिनिधि



**बांकीमोंगरा।** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अन्तर्गत आदर्श नगर कुसमुंडा क्षेत्र में पिछले सात दिनों से चल रही आध्यात्मिक श्री राम कथा का आज भव्य और भावपूर्ण समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कथावाचक श्री तिलक आध्यात्मिक के मुखारविंद से भगवान श्री राम के पावन चरित्र का श्रवण किया और प्रसाद ग्रहण किया। इस पुनीत आयोजन के समापन समारोह में नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा भी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा, भाजयुमो छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा, भाजपा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, पार्षद दिलीप दास सहित अन्य अतिथियों का महिला समितियों के द्वारा तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। साथ ही सभी ने कथा व्यासपीठ का पूजन किया और दीप प्रज्वलित कर भगवान श्री राम का आशीर्वाद लिया। इस अवसर भाजयुमो छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा ने कहा कि श्री राम कथा हमें जीवन जीने की सही दिशा दिखाती है।

# कुसमुंडा में निजी कंपनी ने लगाया नो वैकेंसी का बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बातें**

- कैंपस के बाहर लगाया नो वैकेंसी का बोर्ड
- लगातार बढ़ रही थी मारपीट की घटनाएं, गैर जरूरी लोगों का प्रवेश किया गया वर्जित

एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र में आउटसोर्सिंग पर काम लेने वाली नीलकंठ प्राइवेट लिमिटेड आए दिन होने वाले तमाशा से परेशान होकर अपने यहां नो वैकेंसी का बोर्ड लगा दिया है। इसके साथ ही गैस जरूरी लोगों के प्रवेश को वर्जित भी किया है।

नीलकंठ प्राइवेट लिमिटेड करोड़ों का काम ओवर बर्डन और दूसरे क्षेत्र में प्राप्त हुआ है। उसने अपनी व्यवस्था और सहूलियत के लिए श्रमिकों को नियोजित किया है। हाल में ही दूसरे राज्यों के श्रमिकों के साथ मारपीट की गई थी। मारपीट करने वाले लोग आसपास के थे। सामाजिक सुरक्षा की मांग इस घटना के बाद जमकर उठी और पुलिस ने हस्तक्षेप कर अगली कार्रवाई की। तब कहीं जाकर श्रमिक कामकाज करने के लिए तैयार हुए इन सब झंझट से बचने के लिए नीलकंठ कंपनी ने अपने कैंपस के बाहर दो वैकेंसी और पात्र लोगों के प्रवेश को वर्जित करने वाली सूचना लगा दी है। कंपनी प्रबंधन का कहना है कि इस प्रयास से गैर जरूरी लोगों को रोका जा सकेगा और अनावश्यक बावल से भी बचना संभव होगा। जिले में सबसे ज्यादा समस्याएं कुसमुंडा, दीपका विस्तार और गेवरा क्षेत्र के मामले में है। जमीन अर्जन के वर्षों पुराने मामले में मुआवजा के अलावा रोजगार और पुनर्वास के मसले लंबित पड़े हैं। बार-बार इसे लेकर प्रभावित लोगों को प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। संबंधित लोगों की शिकायत काफी समय से इसी बात को लेकर है कि समस्याओं के निराकरण को लेकर प्रशासन से लेकर प्रबंधन के अधिकारी केवल आश्वासन देने तक सीमित रहते हैं लेकिन कार्रवाई के बारे में किसी प्रकार की मानसिकता नहीं बनाते हैं।

### कुसमुण्डा खदान के कमगारों की समस्याओं को लेकर किया जाएगा आंदोलन




**गेवरा दीपका।** कुसमुण्डा खदान में कार्य कर रहे कामगारों को हो रही समस्याओं जिनमें मोटर साईकिल प्रवेश, बायोमेट्रिक अटेंडेंस, डीजल चोरी पर डंपर ऑपरेटरों को चार्जशीट करना, सेफ्टी को पूर्णतः दरकिनार कर कार्य कराना, ओवर टाईम कार्य लेने उपरांत कटौती इत्यादि पर रविवार को संयुक्त कोयला मजदूर संघ (एटक), एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष बीएल महंत (राजवीर), क्षेत्रीय संगठन सचिव नरेश साहू, क्षेत्रीय खान सुरक्षा समिति के सदस्य विनय कुमार स्वर्णकार, क्षेत्रीय आवास आबंटन समिति के सदस्य भूपेंद्र मेहर, क्षेत्रीय स्पोर्ट समिति के सदस्य महेंद्र पाल यादव, कुसमुण्डा पारियोजना के कार्यकारी अध्यक्ष मंतोष कुमार, संयुक्त सचिव गौरीशंकर यादव, संगठन सचिव विकास एक्का, वरिष्ठ सदस्य वाई. आर. जलतारे, एसके मिश्रा, एनपी गभेल, अनुज राजवाड़े, सियाराम, जगतराम सहित अन्य पदाधिकारियों ने परियोजना/खदान के समंता वर्कशॉप-03 के ई एंड एम ऑटो सेक्शन में कामगार साथियों के साथ गेट मीटिंग किया गया, मीटिंग में एटक के पदाधिकारियों ने कामगारों की समस्याओं को जाना एवं जल्द ही एटक द्वारा आंदोलन करने का आश्वासन दिया गया।

### 28 खेल स्पर्धाओं में 250 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

# एसईसीएल मुख्यालय में दो दिवसीय नारी शक्ति खेल महोत्सव समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जीत का जश्न मनाते हुए विजयी खिलाड़ी।

एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर में आयोजित दो दिवसीय 'एसईसीएल नारी शक्ति खेल महोत्सव का आज सोमवार को वसंत विहार स्पोर्ट्स ग्राउंड में समापन हुआ। इस आयोजन में 28 विभिन्न खेल एवं मनोरंजक स्पर्धाओं में 3 सौ से अधिक महिला प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई।

समापन समारोह के अवसर पर एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) हरीश दुहन एवं श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती शशि दुहन की गरिमामयी उपस्थिति रही। वसंत विहार स्पोर्ट्स ग्राउंड पहुँचने पर मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों का पारंपरिक रूप से पौधे भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर एसईसीएल के निदेशक एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक बिरंची दास, निदेशक डी. सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन के साथ श्रद्धा महिला मंडल की उपाध्यक्षगण श्रीमती अनीता फ्रैंकलिन, श्रीमती हसीना कुमार एवं श्रीमती विनिता जैन उपस्थित रहें। प्रतियोगिताओं में रेड हाउस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि पर्पल हाउस मात्र एक अंक के अंतर से उपविजेता रहा। दोनों टीमों के बीच कड़ा एवं रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों ने बैडमिंटन के फाइनल मुकाबले का अवलोकन किया तथा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इसके साथ ही रस्साकस्सी, मटका रेस, नींबू-चम्मच दौड़ एवं जलेबी रेस जैसे फन गेम्स के फाइनल मुकाबले भी आयोजित किए गए। समापन अवसर पर अपने संबोधन में सीएमडी एसईसीएल हरीश दुहन ने कहा कि नारी शक्ति किसी भी संगठन और राष्ट्र की वास्तविक ऊर्जा है। इस प्रकार के आयोजन महिलाओं में आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को सुदृढ़ करते हैं। एसईसीएल में महिला सशक्तिकरण केवल एक विचार नहीं, बल्कि निरंतर क्रियान्वयन की प्रक्रिया है। नारी शक्ति खेल महोत्सव इसी सोच का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि श्रद्धा महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित यह महोत्सव कार्यरत एवं गृहिणी महिलाओं को एक मंच पर जोड़ने का अनूठा व बेहद सार्थक प्रयास है।

### कोल इंडिया व्हालीबाल प्रतियोगिता में भाग लेने टीम आज होगी रवाना



**कोरबा।** एसईसीएल कोल इंडिया व्हालीबाल प्रतियोगिता 17 से 20 दिसंबर तक रांची सिम्पीडीह में आयोजित हो रही है, जिसमें भाग लेने के लिए एसईसीएल कोरबा की टीम मंगलवार की सुबह रवाना होगी। व्हालीबॉल टीम में रमेश सिंह, सुमित राय, आकाश सिंह, इंद्रजीत सिंह, संकट केशरवानी, फ्रांसीसी एंथोनी, शत्रुघन साहू, मनीष नामव्यार, ज्ञानेश तिनवंकर, नवीन सिंह, अविनाश सिंह तथा अनिल बाजपेयी शामिल है। जबकि टीम के कोच शैलेष तिवारी एवं मैनेजर पंकज को बनाया गया है। जिनके नेतृत्व में उपरोक्त खिलाड़ी रांची पहुंचेंगे और अपना खेल जौहर दिखाएंगे।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH















## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**



पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है



- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567

# अगले वित्तीय वर्ष से 19 उपार्जन केंद्र आएंगे पूर्ण रुप से समिति के अस्तित्व में

## होगा संचालक मंडल का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले वर्ष से जिले में नई सहकारी समिति बनाने के लिए कराए गए परिसीमन के बाद 19 बड़े उपार्जन केंद्रों को समिति का पंजीयन नंबर तो दे दिया गया किंतु अभी भी वह उपार्जन केंद्रों के रुप में काम कर रहे हैं। अगले वित्तीय वर्ष से इन 19 बड़े उपार्जन केंद्रों को समिति का दर्जा मिलेगा तब तक उन्हें पुरानी समिति के साथ उपार्जन केंद्र के रुप में ही कार्य करना पड़ेगा।

अलग खबर

सहकारी समितियों के नए सिरे से परिसीमन को लेकर सहकारिता विभाग के द्वारा प्रस्ताव मंगाए गए थे। उन प्रस्ताव के बाद सहकारिता विभाग के मैदानी अमले के द्वारा उपार्जन केंद्रों के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की दूरी, धान की बिक्री सहित सभी तरह के मानदण्डों के तहत सर्वे रिपोर्ट तैयार की गई। उक्त रिपोर्ट के बाद जब शासन को भेजी गई उपार्जन केंद्रों के नाम एवं ग्रामों की संख्या तब शासन की ओर से 19 नए सहकारी समिति बनाए जाने के लिए स्वीकृति दे दी गई। हाल ही में जब धान खरीदी की प्रक्रिया शुरु करने की घोषणा हुई तब 19 समितियों को पंजीयन नंबर प्रदान कर दिया गया। इससे उपार्जन केंद्रों के कर्मचारियों को ये उम्मीद जगी कि इस वर्ष की धान खरीदी से ही उपार्जन केंद्रों को सहकारी समितियों के पूरे अधिकार मिल जाएंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ और सभी 19 उपार्जन केंद्र समितियों का पंजीयन लेकर उपार्जन केंद्र की तरह की काम कर रही हैं। सभी 19 उपार्जन केंद्र जिन समितियों के अधीन कार्य करते थे उनके साथ ही खरीदी की प्रक्रिया चला रहे हैं। बताया जाता है कि अगले वित्तीय वर्ष से सभी 19 उपार्जन केंद्रों को सहकारी समिति का दर्जा दे दिया जाएगा उसके बाद इनके संचालक मंडल का चुनाव किया जाएगा और वित्तीय अधिकार दिए जाएंगे।

**खास बात**

- पंजीयन नंबर देने के बाद अबी भी उपार्जन केन्द्र के रूप में ही कर रहे काम



**अभी समिति का नहीं दिया दर्जा**

जो 19 उपार्जन केंद्र को सहकारी समिति बनाने के लिए स्वीकृति मिली थी उन्हें अगले वित्तीय वर्ष से सहकारी समितियों का दर्जा दिया जाएगा। अभी उपार्जन केंद्र की तरह की काम करेंगे। वर्तमान में जिले में 41 पुरानी समितियां हैं और 24 उपार्जन केंद्र हैं।

-एम आर ध्रुव
डिप्टी रजिस्ट्रार सहकारिता विभाग

## खबर संक्षेप



### बरपाली में ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

**कोरबा।** ग्राम बरपाली में आयोजित शीतकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में आसपास के ग्रामीण अंचलों की टीमों ने भाग लिया गया। लीग पद्धति से खेले गए प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला नोनबिर्रा की टीम ने जीता। वहीं उपविजेता का खिताब गिदकलो की टीम को दिया गया। बरपाली के खेल मैदान में आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले के मुकाबले के मुख्य अतिथि के रुप में हरिभूमि संवाददाता चंद्रेश कश्यप एवं ग्राम पंचायत सरपंच रामजीवन कंवर, समाज सेवक शंभू चौहान, सचिव गनपत टोप्पो, विशिष्ठ अतिथि उप सरपंच हेम बाई महंत, शांति लाल साहू, जनपद सदस्य दीपक कंवर ग्राम पंचायत बरपाली के पंचगण और ग्रामीण क्षेत्र के दर्शकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### साहित्यकारों ने वन भोज का लिया आनंद



**कोरबा।** साहित्यकारों ने प्रकृति की गोद में पहुंचकर वन भोज का आनंद उठाया। प्राकृतिक छटा का आनंद उठाने के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर साहित्यकारों ने एक दूसरे के साथ खुशियां बांटी। देवपहरी पिकनिक स्पॉट इन दिनों खूब गुलजार है। पूरा क्षेत्र पिकनिक मनाने वालों की किलकारियों से गूंज रहा है। पंडित मुकुटधर पांडे साहित्य सदन समिति के सदस्यों ने देवपहरी में आनंद उठाया। कई खेलों का आयोजन किया गया। खेल में विजय श्री हासिल करने वालों को सम्मानित करते हुए समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि हमारे इस परिवार की सर्वत्र सराहना होती है। सभी साहित्य साधना के साथ ही एक दूसरे के साथ सुख-दुख में भागीदार बनते हैं। वन भोज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में साहित्य समिति के पदाधिकारियो और वरिष्ठ सदस्यों ने तन मन धन से सहयोग देकर सफल बनाया।

### सुदूर इलाकों में पहुंच रहा राम नाम लेखन महायज्ञ



**कोरबा।** अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की दूसरी वर्षगांठ पर विभिन्न प्रकार के सोपान के अंतर्गत काम किया जा रहा है । राम नाम लेखन अनुष्ठान इसी का एक हिस्सा है, जिसे शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में क्रियान्वित किया जा रहा है । कोरबा जिले में अभियान को गति मिल रही है। अभियान की योजना के तहत 3 लाख घरों तक पुस्तिका वितरित की जा रही है। जिनमे लोग राम नाम लिख रहे है। अभियान के अंतिम चरण में पुस्तिकाओं को अयोध्या भिजवाया जाएगा। बताया गया है कि सभी क्षेत्रों में अभियान को लेकर लोग उत्साहित है। पूरा अभियान जनभागीदारी से सम्पन्न हो रहा है। पिछले दिनों राम लेखन कार्य को लेकर उरगा क्षेत्र में बैठक आयोजित की गई। जिसमें कमलेश अनंत, अविनाश कंवर को सहसंयोजक बनाया गया। आने वाले दिनों में पालक नरेश पटेल द्वारा बैठक ली जाएगी। इस बैठक में राम लेखन कार्य के लिए कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। राम लेखन के लिए लोगों को पुस्तिका दिए जाएंगे। यह कार्य सभी सक्ती केन्द्रों में होगा। कोसाबाड़ी नगर मंडल में भी राजेश राठौर, मिलापराम, पुनीराम साहू, राम लेखन कार्य में सहयोग कर रहे हैं। अयोध्या से पुस्तिका आयी हुई है। जिसका वितरण किया जा रहा है।

## वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 2547 करोड़ का मिला है लक्ष्य

# खनिज विभाग ने 48 फीसदी ही कर पाया वसूली चार महीने में जुटाना होगा 52 फीसदी राजस्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राजस्व वसूली के मामले में अव्वल रहने वाला कोरबा का खनिज विभाग बीते वित्तीय वर्ष में अपने लक्ष्य से पिछड़ गया था। वहीं इस वित्तीय वर्ष में भी जिले के खनिज विभाग को 2547 करोड़ का राजस्व का लक्ष्य दिया गया है और वित्तीय वर्ष समाप्त होने में महज चार माह ही शेष है और अब तक खनिज विभाग ने मात्र 48 फीसदी ही राजस्व लक्ष्य को हासिल कर पाया है। शेष चार महीने में विभाग को 52 फीसदी राजस्व लक्ष्य को जुटाना है जिसके लिए खनिज विभाग के अफसरों ने तैयारी शुरु कर दी है और आने वाले महीनों में विभाग पूरे दमखम के साथ राजस्व लक्ष्य को हासिल करने का हर संभव प्रयास करेगा।

राजस्व वसूली के मामले में अव्वल रहने वाला कोरबा का खनिज विभाग वित्तीय वर्ष 2024-25 अपने लक्ष्य से पीछे हो गया था। दरअसल कोरबा राजस्व वसूली मामले में एक दशकों से भी अधिक रिकार्ड तोड़ने वाला पहला जिला माना जाता है, लेकिन निर्धारित लक्ष्य से हमेशा से ज्यादा राजस्व देने वाला कोरबा का खनिज विभाग वित्तीय वर्ष 2024-25 में पिछड़ गया था। बताया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभाग को 32 सौ करोड़ का लक्ष्य दिया गया था जिसके एवज में विभाग ने 2156 करोड़ का राजस्व की वसूली कर पाया था जो कुल राजस्व का 67.37 फीसदी है। राजधानी में बैठे खनिज विभाग के वरिष्ठ अफसरों ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में के लिए राजस्व लक्ष्य को कम करते हुए 2547 करोड़ का राजस्व लक्ष्य दिया है। नवंबर महीने तक जिले के खनिज विभाग की टीम ने 1223 करोड़ रुपए का राजस्व लक्ष्य हासिल कर लिया है जो कुल राजस्व लक्ष्य का 48 फीसदी है। शेष चार महीने में विभाग को 52 फीसदी राजस्व जुटाना होगा, तब जाकर सौ फीसदी लक्ष्य पूरा होगा। विभाग के अफसरों का कहना है कि बचे शेष 120 दिनों में अधिक से अधिक राजस्व वसूली की दिशा पर विभाग जुटा हुआ है।

**खास बात**

- नवंबर महीने तक 1223 करोड़ ही कर पाया राजस्व वसूली


फाइल फोटो

**कोयले से ही मिलता है 99 फीसदी राजस्व**

खनिज विभाग के सहायक उप संचालक प्रमोद कुमार नायर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में राजस्व वसूली में सबसे ज्यादा कोयले से ही प्राप्त होता है। लगभग 99 फीसदी राजस्व कोयले से ही हासिल किया जाता है। बचे शेष राजस्व गौण खनिज रेत, गिट्टी, मुरुम और मिट्टी से भी राजस्व प्राप्त होता है। खनिज विभाग जिले के प्रमुख कोयला खदान गेवरा, दीपका, कुसमुंडा व कोरबा एरिया के खदान से राजस्व प्राप्त होता है।

**किस खदान ने कितना किया उत्पादन**

जिले के प्रमुख खदानों में कोयलाउत्पादन की बात करें तो वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कोरबा एरिया को 8.87 मिलियन टन का राजस्व लक्ष्य दिया गया है। जिसके एवज में कोरबा एरिया ने अब तक 4.78 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया गय है जबकि इसी तरह कुसमुंडा खदान को इस वित्तीय वर्ष में 50 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य दिया गया है जिसके एवज में 17.4 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर पाया है। जबकि गेवरा खदान को सबसे ज्यादा 63 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य दिया गया है। जिसके एवज में 31.43 मिलियन टन कोयला उत्पादन हो पाया है जबकि दीपका कोयला खदान को 40 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य दिया गया है जिसके एवज में 24.7 मिलियन टन उत्पादन हो पाया है। यह आंकड़ा 14 दिसंबर की स्थिति में लिया गया है।

**लक्ष्य हासिल करने होगा प्रयास**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में खनिज विभाग को 2547 करोड़ का राजस्व का लक्ष्य दिया गया है। जिसके एवज में नवंबर महीने की स्थिति में 1223 करोड़ राजस्व लक्ष्य जुटा पाया है जो कुल राजस्व का 48 फीसदी है। बचे शेष महीनों में विभाग लक्ष्य को हासिल करने का हर संभव प्रयास करेगा।

-**प्रमोद कुमार नायक,** उप संचालक खनिज विभाग कोरबा

# जंगली सुअर के हमले से चौकीदार घायल, अस्पताल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल अंतर्गत दर्री सर्किल में जंगली सुअर के हमले की एक गंभीर घटना सामने आई है। तहसील कार्यालय के पीछे स्थित मणीकंचन कचरा संग्रहण केंद्र में तैनात 60 वर्षीय चौकीदार लोरिक लाल यादव पर जंगली सुअर ने अचानक हमला कर दिया, जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए।


घायल

जानकारी के अनुसार, दर्री के नगोईखार श्यामनगर निवासी लोरिक लाल यादव रविवार रात अपनी ड्यूटी पर थे और सोमवार सुबह करीब 7 बजे घर लौटने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान कुछ बकरियां कचरा संग्रहण केंद्र में घुस गईं। बकरियों को बाहर खदेड़ने के लिए वे हाथ में डंडा लेकर थोड़ी दूर जंगल की ओर चले गए। बकरियों के झुंड में एक जंगली सुअर भी मौजूद था, जिसका अंदाजा चौकीदार को नहीं था। अचानक झुंड से निकलकर सुअर ने उन पर हमला कर दिया और जिससे लोरिक लाल को गंभीर चोटें लगी है। घटना की सूचना मिलने पर मणीकंचन केंद्र के सुपरवाइजर ने परिजनों को जानकारी दी। परिजन मौके पर पहुंचे और घायल चौकीदार को ऑटो रिक्शा से मेडिकल कॉलेज अस्पताल, कोरबा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। कटघोरा डीएफओ कुमार निशांत के निर्देश पर वन विभाग के कर्मचारी भी अस्पताल पहुंचे और पीड़ित को विभाग की ओर से तत्काल सहायता राशि प्रदान की गई।

# बकरी चराने को लेकर कहासुनी पत्नी ने जहर खाकर दे दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बकरी को चराने के नाम पर पति-पत्नी के बीच कहा सुनी हो गई। देखते-देखते विवाद इतना बढ़ गया कि पति से नाराज पत्नी ने घर में रखें किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। जब पत्नी की तबीयत बिगड़ी तो आनन फानन में उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पथरी निवासी लक्षन बाई 55 वर्ष पति चंदराम के बीच बकरी को चराने के नाम पर घर में विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर नाराज पत्नी लक्षन बाई ने घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था। जब वह गश खाकर गिरी तो परिजनों को पता चला कि उसने जहर सेवन कर लिया है जिसके बाद पर परिजनों ने लक्ष्मण बाई को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरू कर दी है।

### आग, हजारों का नुकसान

**हरदीबाजार।** ग्राम दीपका निवासी राजेश कुमार राठौर पिता बहादुरलान राठौर जाति राठौर ने दीपका थाना में लिखित आवेदन पेश किया है जिसमें उन्होंने सर्वमंगला मिल के नाम से हरदीबाजार मांठापारा में स्थित है। जहां बीती रात रविवार को मिल के परिसर में रखे व्यवसायिक लकड़ी जल कर खाक हो गया है। उक्त आग किसने और कैसे लगी है इसकी जानकारी अब तक नहीं हो चली है। मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच कर रही है।

# वन अधिकार पत्र मांगने ग्रामीण पहुंचे एसडीएम कार्यालय, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

जिले के पोंडी उपरोड़ा विकासखंड के अंतिम छोर में बसे ग्राम रामपुर के सैकड़ों किसान सोमवार को अपनी वर्षों पुरानी मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। किसानों ने वन अधिकार पत्र नहीं मिलने से नाराज होकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।


एसडीएम कार्यालय पहुंचे ग्रामीण।

प्रदर्शन कर रहे किसानों ने बताया कि वे बीते तीन पीढ़ियों से इस क्षेत्र में काबिज हैं और वर्षों से खेतों में खेती-बाड़ी कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। इसके बावजूद आज तक उन्हें वन अधिकार पत्र नहीं मिल पाया है। वन अधिकार पत्र के अभाव में वे समर्थन मूल्य पर अपना धान भी नहीं बेच पा रहे हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों ने आरोप लगाया कि एक फड़ प्रभारी द्वारा 5 हजार रुपये लेकर फर्जी वन अधिकार पत्र तैयार किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे फर्जीवाड़े के कारण उनकी समस्याएं और बढ़ गई हैं और वे लगातार प्रशासनिक दफ्तरों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पोंडी उपरोड़ा एसडीएम मनोज बंजारे और तहसीलदार विनय देवांगन मौके पर पहुंचे और किसानों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने बताया कि कुछ वन अधिकार पत्रों पर कलेक्टर के फर्जी हस्ताक्षर पाए गए हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**क्षेत्र का किया जाएगा निरीक्षण**

एसडीएम मनोज बंजारे ने कहा कि प्रशासन द्वारा संबंधित क्षेत्र का निरीक्षण किया जाएगा और वन अधिकार पत्र के दायरे में आने वाले सभी किसानों की सूची तैयार की जाएगी ताकि पात्र किसानों को नियमानुसार वन अधिकार पत्र प्रदान किया जा सके। अधिकारियों के आश्वासन के बाद किसानों ने फिलहाल अपना आंदोलन शांत किया लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आगे और बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### कोशले बने प्रांतीय संयुक्त सचिव



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ पंजीयन क्रमांक 1881 के प्रांतअध्यक्ष डीपी मनहर ने संघ के सं वै धा नि क अधिकारों के तहत ज्वाला प्रसाद कोशले सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक को छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा बिलासपुर एवं प्रांतीय संयुक्त सचिव के पद पर नियुक्त किया है। ज्वाला प्रसाद कोशले जिला शाखा बिलासपुर एवं छत्तीसगढ़ प्रांत के पेंशनरो की समस्या के निराकरण करने में संघ के आदेशों के लिए हमेशा तत्परता के साथ निष्ठा से कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर रतनलाल केवर्त प्रांतीय महामंत्री एवं प्रधान प्रांतीय संरक्षक अशोक गढ़ेवाल ने आशीर्वाद प्रदान करते हुए नियुक्त होने पर प्रसन्नता जाहिर की है।

## एसपी ऑफिस से तहसील कार्यालय की सड़क हो रही चौड़ी, प्रतिदिन गुजरते हैं सैकड़ों वाहन

# सड़क चौड़ीकरण की राह में अवैध ठेले गुमटियां बन रहे रोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

साकेत भवन के सामने से लेकर तहसील कार्यालय तक जाने वाली सड़क के चौड़ीकरण का काम शुरु कर दिया गया है लेकिन उसके इस कार्य में अवैध ठेले गुमटियां रोड़ा बन रहे हैं। जिससे सड़क मार्ग से प्रतिदिन गुजरने वाले सैकड़ों वाहनों को सड़क चौड़ीकरण का लाभ नहीं मिल सकेगा। जब तक अवैध ठेले गुमटियों को व्यवस्थित ना किया जा सके।

शहर की सड़कों के जीर्णोद्धार और चौड़ीकरण का कार्य शुरु कर दिया गया है। पहले चरण में नगर निगम साकेत भवन के सामने से लेकर तहसील कार्यालय तक जाने वाली सड़क को शामिल किया गया है।


तहसील रोड का चल रहा चौड़ीकरण का कार्य।

बीते एक पखवाड़े से सड़क के चौड़ीकरण का कार्य तेजी से जारी है। उक्त सड़क के बरसात में पूरी तरह जर्जर होने के कारण जगह जगह गड्ढे होने और उससे उड़ने वाली धूल से आम राहगीर परेशान हो रहे थे। सड़क के जीर्णोद्धार और चौड़ीकरण होने से आम लोगों को कुछ राहत तो मिली ही लेकिन सड़क के चौड़ीकरण की राह में एसपी ऑफिस के बगल और पुराने कोर्ट के आसपास सड़क के दोनो ओर लगे अवैध ठेले गुमटियां रोड़ा बन रहे हैं। उक्त क्षेत्र में भी सड़क का चौड़ीकरण किया गया है लेकिन गुमटियों के आसपास खड़े रहने वाले वाहनों की वजह से सड़क सकरी हो जाती है और इससे वाहनों का जाम लग जाता है। सिंचाई कालोनी से लेकर हाउसिंग बोर्ड कालोनी, राजस्व कालोनी एवं अन्य रिहायशी क्षेत्रों में जाने के लिए यह एक प्रमुख सड़क है। जिससे प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं इनमें स्कूल बसों से लेकर शासकीय अधिकारियों की गाड़ियां तथा आम लोगों की गाड़ियां गुजरने से जाम का सामना हर 1-2 घंटे में करना पड़ता है।

**वेंडिंग जोन की दरकार**

जिस तरह से कोसाबाड़ी के अवैध ठेले गुमटियों को व्यवस्थित करने के लिए वेंडिंग जोन बनाया गया है उसी तर्ज पर आईटीआई जैसे बड़े क्षेत्र में भी वेंडिंग जोन बनाने की दरकार बनी हुई है। आईटीआई चौक से लेकर बालको मार्ग एवं तहसील रोड के साथ जनपद कार्यालय के बगल अवैध ठेले गुमटियों की बाढ़ आ गई है इनकी वजह से वाहनों के आवागमन में व्यवहारिक दिक्कतें पैदा हो रही हैं किंतु अब तक वेंडिंग जोन बनाए जाने की दिशा पर पहल नहीं हो सकी है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
25 शीटें शेष
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411